PRESIDENCY COLLEGE
(AUTONOMOUS)
AFFILIATED TO BENGALURU CITY UNIVERSITY, APPROVED BY AICTE, DELHI & RECOGNISED BY THE GOVT. OF KARNATAKA
RE-ACCREDITED BY NAAC WITH 'A+' GRADE

21C201.1H

REG NO: | | | | | | | | |

END TERM EXAMINATION MARCH 2022
BCA - I SEMESTER
GC201.1H: HINDI - AECC

Duration: 2 Hours **Max Marks: 60**

विभाग–अ

किन्हीं आठ प्रश्नों का उत्तर लिखिएः– (8X2=16)

1. 'मित्रता' निबंध में मित्र का कर्तव्य कैसे बताया गया है ?
2. साहसी पुरुष की पहली पहचान क्या होती है ?
3. अंग्रेजी वेश–भूषा के बारे में लोगों की विभिन्न दो रायों को लिखिए ?
4. 'लीग ऑफ् नेशन्स' की मूल सिद्धांत क्या है ?
5. 'मित्रता'और 'हिम्मत और ज़िन्दगी' पाठ के लेखकों का नाम लिखिए ?
6. 'गपशप' निबंध में बेकार खर्च के बारे में लेखक का क्या विचार है ?
7. 'समस्या' निबंध में स्वदेश प्रेम के बारे में क्या कहा गया है ?
8. बुद्धदेव का वंदन लोगों ने कैसे किया ?
9. संगीत कार्यक्रम सुनने के लिए कौन–कौन घर से निकले थे ?
10. मछुआ कहाँ से बुद्धगया के मुदिर में आया था ? और वह हाथ जोड़कर बार बार क्या कह रहा था ?

विभाग–आ

अ. किन्हीं दो अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः– (2X6=12)

1. "अंग्रेज़ी कपड़े पहनने से देह में बड़ी चुस्ती और फुरती आ जाती है ?"
2. "कुछ पत्र आदमी यों ही लिखना चाहता है अथवा लिख जाता है, जिसका न तो कोई उद्देश्य होता है, न अभिप्राय और प्रयोजन।"
3. "मेरे लाल को कैसा वनवास मिला था।"

आ. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिएः– (2X6=12)

1. हिम्मत और जिन्दगी।
2. संसार की वर्तमान विकट समस्या।
3. भारतीय संस्कृति की विशेषता।

विभाग–इ

अ. किसी एक पाठ का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिएः– (1X10=10)

1. बुद्धदेव
2. मित्रता

आ. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिएः– (1X10=10)

1. उचित शीर्षक देते हुए संक्षिप्तीकरण कीजिएः–

राष्ट्रभाषा से यह अभिप्राय है कि यह अन्तर–प्रान्तीय व्यापार और सार्वजनिक व्यवहार में सभी प्रदेशों के रहने वालों के द्वारा बरती जाए और बद्रीनाथ से रामेश्वर तक, अमृतसर से कटक तक, कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी स्थानों पर परस्पर बातचीत करने और विचार–विनिमय के काम में लाई जाए। राष्ट्र–भाषा होने की अधिकाधिक योग्यता आज भारतवर्ष की जिस भाषा में है, वह हिन्दी ही है। आज के युग में जब वैज्ञानिक आविष्कारों के कारण दुनिया से स्थान और समय की दूरी समाप्त होती जा रही है, कोई भी भाषा दूसरी भाषा के सम्पर्क से अपने को अछूता नहीं रख सकती। हिन्दी का यह गुण है कि उसने अरबी, फारसी, अंग्रेजी, तुर्की, संस्कृत आदि भाषाओं के शब्दों को अपने में समेटने में कोई संकोच नहीं किया। बहिष्कार की नीति को हिन्दी कभी स्वीकार नहीं कर सकती। हिन्दुस्तान में हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, सिख, पारसी, यहूदी आदि अनेक जातियों के लोग रहते हैं। अतएव यदि हम सब भाषाओं के उत्तम और व्यापक शब्द लेंगे। तभी हिन्दी का शब्द–भण्डार व्यापक होगा और उसकी उन्नति होगी।

2. टिप्पण लेखन की परिभाषा लिखते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिएः–

****